# ... क्या सीधी को इस बार मंत्री मण्डल में मिलेगी जगह?

## प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री मण्डल में सीधी की लगातार हो रही उपेक्षा से जिले की जनता और कार्यकर्ता हैं नाखुश

नव भारत सियासत

**प्रदेश मंत्री मण्डल में क्या सीधी को इस बार जगह मिलेगी? इसके कयास फिर लगने लगे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री मण्डल में सीधी की लगातार हो रही उपेक्षा से जिले की जनता और कार्यकर्ता नाखुश हैं।**



सीधी 21 दिसम्बर। मध्य

यहां बताते चलें कि सीधी जिला वर्ष 2003 से अब तक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार के करीब 21 वर्षों के कार्यकाल में अविभाजित सीधी जिले जिसमें सिंगरौली भी शामिल था। तब चितरंगी विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए जगन्नाथ सिंह को मंत्री बनाया गया था। उसके बाद से विभाजित सीधी जिले को मंत्री पद नसीब नहीं हो सका है। यह दीगर बात है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद स्व.जगन्नाथ सिंह की पुत्रवधू श्रीमती राधा सिंह को मंत्रीमंडल में राज्य मंत्री के रूप में सिंगरौली जिले से जगह मिली। किन्तु सीधी जिले को भाजपा मंत्रीमंडल में दो दशक बाद भी जगह नहीं मिल सकी। सीधी जिले को भाजपा मंत्रीमंडल में जगह मिलने की चर्चाएं हमेशा सुर्खियों में रहीं लेकिन ऐन वक्त पर नाम गायब हो जाता था। पूर्व में जहां वरिष्ठ विधायक केदारनाथ शुक्ल एवं कुंवर सिंह टेकाम की चर्चाएं होती रहीं लेकिन इनको मंत्रीमंडल में जगह पाने से अंतिम समय में मायूस होना पड़ता था। अब फिर मंत्रीमंडल विस्तार की चर्चाएं होने पर सीधी का नाम फिर से दौड़ शामिल है। कामयाबी मिलती है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। फिर भी लोग सीधी जिले से दो विधायकों की दावेदारी पर कयास लगा रहे हैं।

### आदिवासी कोटे से धौहनी विधायक कुंवर सिंह सबसे मजबूत



सीधी जिले के आदिवासी बाहुल्य धौंहनी विधानसभा क्षेत्र से कुंवर सिंह टेकाम चौथी मर्तबा विधायक निर्वाचित हुये हैं। आदिवासी कोटे से धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की सबसे मजबूत दावेदारी मंत्री पद के लिये मानी जा रही है। वरिष्ठ आदिवासी विधायक होने के कारण लोग कयास लगा रहे हैं कि इस बार सीधी जिले से कुंवर सिंह टेकाम को भाजपा मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है। उनकी प्रबल दावेदारी मंत्री पद को लेकर पिछले बार भी थी लेकिन अंतिम समय में क्षेत्रीय समीकरण के चलते उनको जगह नहीं मिल सकी थी।

### महिला कोटे से सीधी विधायक रीती पाठक की मजबूत दावेदारी



भाजपा मंत्रीमंडल विस्तार में महिला कोटे से सीधी विधायक रीती पाठक की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है। पूर्व में वे दो मर्तबा सांसद भी रह चुकी हैं। विधानसभा चुनाव में जब उन्हें सीधी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा टिकट दिया गया तो भारी बहुमत से जीत दर्ज की। विधायक निर्वाचित होने के बाद से ही सीधी जिले में चर्चा थी कि महिला कोटे से रीती पाठक को मंत्री पद से नवाजा जा सकता है। भाजपा के मंत्रीमंडल के गुणा-गणित में रीती पाठक को उस दौरान मायूस होना पड़ा था।

# शीतलहर का प्रकोप : बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों पर एडवाइजरी जारी

## स्वास्थ्य विभाग ने बताये बचाव के उपाय

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने शीतलहर से बचाव के लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा जागरूक करने और आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए गए हैं।**

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माह दिसम्बर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्राय: देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएं चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाङ्घ उत्पन्न हो सकती हैं।

**हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षण-** तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं।

### शीतलहर के दौरान क्या करें, क्या ना करें

शीतलहर के दौरान स्थानीय रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढके। टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफजूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें। इसके अलावा अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें।

# पड़रा पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। जिले के गोपद बनास तहसील अंतर्गत पड़रा पंचायत में जमीन में खसरा दर्ज करने को लेकर हल्का पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत कलेक्टर सहित तमाम जगह की जा चुकी है। इस मामले में अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। यहां तक कि सांसद के पास भी पत्र जारी किया गया है।**

मालूम हो कि पडरा निवासी जगदीश प्रसाद पाण्डेय पिता संतोष पाण्डेय जो कि सैनिक थल सेना में कार्यरत हैं। उनके द्वारा बताया गया कि मैने देमान साहू से 30 वर्गफिट जमीन खरीदा था। जिसकी आराजी नंबर 261/1 है जो कि हल्का पटवारी दीपक शुक्ला द्वारा तहसील में खसरा में दर्ज नहीं किया है एवं मुझसे 50 हजार की घूंस भी मांगी जा रही थी। रिश्वत न देने की वजह से अभी तक पटवारी द्वारा खसरा में दर्ज नहीं किया गया। जिसकी शिकायत कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों को की गई। वहीं सीधी सांसद को भी शिकायत की गई है। जिस पर सीधी सांसद ने कलेक्टर को पत्र जारी कर लिखा गया है कि इस प्रकरण पूरी पूरी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# ई-अटेंडेंस तथा वरिष्ठता बहाली को लेकर के राज्य शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर राज्य शिक्षक संघ सीधी जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष सुखेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में ई-अटेंडेंस एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता तथा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कलेक्टर प्रतिनिधि जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीधी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही तत्काल मांगों पर कार्यवाही की अपेक्षा की है।**



ज्ञापन में राज शिक्षक संघ द्वारा उल्लेख किया गया है की सेवा में नियुक्ति दिनांक 01.07.2018 से मान्य की गई है जबकि विभाग में हमारी नियुक्ति 1998 से है जिससे शिक्षकों को वरिष्ठता को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक शिक्षक कई लाभों से वंचित हैं, सभी शिक्षक नियमित समय पर विद्यालय में पहुंचकर निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं जिसके कारण प्रदेश की प्रवीण सूची में शासकीय विद्यालय के बच्चे अपना स्थान बनाए हुए हैं फिर भी जहां कि ई-अटेंडेंस का कोई औचित्य नहीं है जिसमें कई तकनीकी परेशानियां है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि संघ की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी 25 दिसम्बर को प्रदेश स्तर पर आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से श्रीमती मीरा शर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष सीधी, संजय सिंह बघेल ब्लॉक अध्यक्ष सीधी, पद्मधर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष मझौली, शारदा सिंह, कंचन सिंह, आशा पटेल, रुक्मणी पटेल, गोविंद नारायण सिंह, बांकेलाल सिंह, प्रकाश सिंह चौहान, गोविंद प्रताप सिंह, देवेश सिंह, अखिलेश गुप्ता, रजनीश, कृष्ण कुमार सिंह, कुशलेंद्र प्रसाद मिश्र, संतोष गौतम, रामचरण प्रजापति, हरिप्रसाद पाण्डेय, जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार पाण्डेय सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# 7 मुक्केबाज राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में होंगे सम्मिलित

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसंबर। 22 से 24 दिसम्बर 2025 तक सिवनी मे आयोजित होने वाली यूथ एवं सीनियर बालक/बालिका म.प्र. राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 में सीधी जिला बॉक्सिंग संघ एवं महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी छत्रसाल स्टेडियम सीधी के 7 मुक्केबाज बॉक्सिंग कोच सूरज शुक्ला एवं आदर्श द्विवेदी के नेतृत्व में सम्मिलित होंगे।**



सीधी जिला बॉक्सिंग संघ से प्रशिक्षित 7 मुक्केबाज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होंगे एवं हमें पूर्ण विश्वास है कि सम्मिलित होने वाले सभी मुक्केबाज अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगामी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 मे सम्मिलित होंगे एवं वहा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी मुक्केबाजों को एकेडमी के कोच आदर्श द्विवेदी के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है उनके द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम बॉक्सिंग का अभ्यास कराया गया साथ ही बॉक्सिंग की बारीकियों की जानकारी दी गई। उक्त मुक्केबाज प्रतियोगिता में दीपक पाल, आदर्श पटेल, अनिकेत सिंह, सतेंद्र वर्मा, दीपक कुमार, सुमित मिश्रा, अभिषेक तिवारी सम्मिलित होंगे। सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा है कि हमारा आशीर्वाद एवं सहयोग सदैव बच्चों के साथ है। प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले मुक्केबाजो एवं उनके कोच को सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक, नपाध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# गरीबों से काम छीनने की साजिश कर रही भाजपा और मोदी सरकार : ज्ञान सिंह

## भाजपा की जनविरोधी साजिश के खिलाफ कांग्रेस का आक्रामक प्रदर्शन, गांधी चौक पर कैण्डल जलाकर किया विरोध

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।**



यह विरोध प्रदर्शन भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों, संघीय ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाप्त करने की साजिश के खिलाफआयोजित किया गया। विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय को कांग्रेस ने गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के खिलाफ सीधा हमला बताया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलना सिर्फ शब्दों का बदलाव नहीं है यह महात्मा गांधी के नाम, उनके विचारों और गरीबों के काम के कानूनी अधिकार को मिटाने की सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। भाजपा सरकार केन्द्र की जिम्मेदारी से भागते हुए राज्यों पर आर्थिक बोझ डाल रही है और करोड़ों गरीबों से रोजगार छीनना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल में मनरेगा देश का सबसे बड़ा जनकल्याणकारी कानून बना था जिसने ग्रामीण मजदूरों को काम का संवैधानिक अधिकार दिया। लेकिन भाजपा सरकार लगातार इसके बजट में कटौती कर रही है और अब नाम बदलकर इसके मूल उद्देश्य को ही खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह गरीब, श्रमिक और किसान के हक की इस लड़ाई को सड़क से संसद तक लड़ेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, नपा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह, महामंत्री नवीन सिंह, अशोक कोरी, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, पार्षद हल्के सोनी, शशिकला द्विवेदी, गोविंद गुप्ता, अखंड प्रताप सिंह, करुण सिंह, ओमकार कर्चुली, सुनील सिंह, हारून मंसूरी, रनशेर अली, विकाश सिंह परिहार, सानेंद्र सिंह, रेखा सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला, ब्लॉक, मंडलम व सेक्टर पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



# तिवारी इलेवन पटपरा ने झिंगाझर को सनराइजर्स ने साक्षी इलेवन को हराया

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। छत्रसाल स्टेडियम मे खेले जा रहे सांसद खेल महोत्सव का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला रविवार को झिंगाझर बनाम तिवारी इलेवन पटपरा के मध्य खेला गया।**

12-12 ओव्हर के मैच मे पहले बल्लेबाजी करने उतरी झिंगाझर की टीम 9वें ओभर की चौथी गेंद पर 25 रनों पर आल आउट हो गयी। पटपरा की ओर से अतुल सिंह और आकाश मिश्रा की घातक गेंदबाजी के आगे झिंगाझर का कोई खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी न छू सका। तू चल मै आया की तर्ज पर खेलते हुए सभी खिलाड़ी आउट होते चले गए। 26 रनो के लक्ष्य को पटपरा की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 2 ओव्हर 2 गेंद में ही हासिल कर सेमीफाइनल मे जगह बना ली।

वहीं दूसरा मुकाबला सनराइजर्स इलेवन बनाम साक्षी इलेवन के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स इलेवन ने निर्धारित 12 ओभर मे 6 विकेट के नुकसान 136 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राहुल दानी ने 26 गेंद मे 47 सबसे ज्यादा रन बनाये जवाब में साक्षी इलेवन की टीम ने 12 ओव्हरों मे 7 विकेट के नुकसान पर 90 रन ही बना सकी यह मुकाबला भाजपा के वरिष्ठ नेता पुनीत नारायण शुक्ला के मुख्य आतिथ्य, सांसद प्रतिनिधि डॉ.मनोज सिंह परिहार, मंटू उपाध्याय, गंगन सिंह, कैलाश वर्मा, राजेश सिंह उर्फ मंगल पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मैच को सम्पन्न कराने मे चंदन मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह, एम्पायर अमित रजत सिंह एवं हिमांशु सिंह, स्कोरर हर्ष गुप्ता तथा अंकित भारती कमेंटेटर सत्यम द्विवेदी रहे।

सोमवार को चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सनराइजर्स सीधी और हनुमानगढ़ के बीच खेला जाएगा। जहां दोनों टीमों के बीच देखने लायक मुकाबला होगा।

# प्रभु को प्रसन्न करने का सच्चा तरीका है भक्त का पूर्ण समर्पण : मुरलीधर

नवभारत न्यूज

**बघवार 21 दिसम्बर। प्रभु को प्रसन्न करने का सच्चा तरीका भक्त का पूर्ण समर्पण है। यदि भक्त पूरी आस्था के साथ भगवान के प्रति समर्पित होता है तो उसकी पुकार तत्काल पहुंचती है। यह भी सच है कि यदि भक्त के मन में कोई स्वार्थ है तो उसकी पुकार भी पहुंचने में समय लगता है।**



कपुरी कोठार भरतपुर में चल रही श्रीराम कथा में प्रवचन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास मुरलीधर जी महराज ने कहा कि जब भक्त प्रभु के समक्ष अपने आपको पूरी तरह से समर्पित कर देता है तो प्रभु की कृपादृष्टि उस पर होना स्वाभाविक है। कथाव्यास ने भगवान श्री राम एवं सीता के स्वयंवर स्थल का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि जब दोनो भ्राता मुनि विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे तो वहां मौजूद नर-नारी उनको देखते ही अभिभूत हो गए।

जनकपुर की सखियां दोनो मुनि एवं दोनो भ्राताओं पर सुमन की वर्षा करते हुए उनके संबंध में अपने बीच बखान भी कर रही थीं। कुछ सखियां तो भगवान श्रीराम को देखकर यह भी कहने लगीं कि यदि जानकी के साथ इनका विवाह होता है तो बहुत अच्छी जोड़ी रहेगी। साथ ही यह भी कहती रहीं कि धनुष यज्ञ में भगवान श्रीराम निश्चित ही धनुष को तोड़ेंगे और उनका विवाह जानकी के साथ होगा। आज धनुष यज्ञ को लेकर जनकपुर में जो खुशियां छाई हुई थी उसके संबंध में अलग-अलग भजनों के माध्यम से कथाव्यास ने पूरे पंडाल को ही जनकपुर में तब्दील कर दिया। जनकपुर को लेकर जो भजन प्रस्तुत किए गए उसके चलते पुरुष एवं महिलाएं अलग-अलग टोलियों में देर तक झूमते हुए अपने उत्साह को बयां करते रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर शाश्वत का चयन

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बमुरी के एक छोटे से गांव में रहने वाले शाश्वत पटेल ने कठिन मेहनत और निरंतर अभ्यास के बल पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।**



शाश्वत पटेल शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावल में कक्षा 9 के छात्र हैं। हाल ही में खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसके चलते चयनकर्ताओं ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना। यह राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 6 से 9 जनवरी 2026 के बीच छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में आयोजित होगी। शाश्वत के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है।

# पुलिस लाइन सीधी में हार्टफुलनेस शिविर का हुआ आयोजन

## विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 दिसम्बर। विश्व ध्यान दिवस के गरिमामयी अवसर पर आज पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस लाइन सीधी में भव्य हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा जोन के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ।**




कार्यक्रम के दौरान एक गौरवशाली उपलब्धि की जानकारी साझा की गई कि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को कान्हा शांतिवनम संस्था हैदराबाद द्वारा चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने अपने क्रांतिकारी कार्यों और विशिष्ट नेतृत्व के माध्यम से समाज के बड़े वर्ग को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया हो। डीजीपी के इसी विजन के तहत आज प्रदेश भर का पुलिस बल ध्यान के माध्यम से मानसिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हुआ है। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन का विशेष उद्बोधन हुआ। उन्होंने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस बल को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी ने घोषणा की कि पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु अब प्रत्येक रविवार को जिले में हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने कहा कि डीजीपी महोदय को मिला सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। उनके निर्देशन में शुरू हुआ यह ध्यान कार्यक्रम अब सीधी पुलिस की दिनचर्या का हिस्सा बनेगा।

प्रत्येक रविवार को होने वाला यह सत्र हमारे जवानों को मानसिक रूप से तरोताजा और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, पुलिस लाइन व कार्यालय का समस्त स्टावऊ उपस्थित रहा। आयोजन का सफल संचालन प्रभारी रक्षित निरीक्षक उप निरीक्षक तरण बेड़िया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिसके पश्चात सभा का विधिवत समापन हुआ।

### डिजिटल जुड़ाव और ध्यान की विधि

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित सीधी जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की। हार्टफुलनेस संस्था के एस.के.गुप्ता ने पुलिस बल को ध्यान की तकनीक और उसके लाभ बताए। उन्होंने हृदय पर ध्यान केन्द्रित करने की सरल प्रक्रिया बताई, जिससे आंतरिक शांति प्राप्त होती है। नियमित ध्यान से तनाव में कमी, बेहतर निर्णय क्षमता और कार्यस्थल पर व्यवहार में सकारात्मक सुधार आता है।